राष्ट्रीय कृषि रसायन सम्मेलन

प्रीलिम्स के लिये:

राष्ट्रीय कृषि रसायन सम्मेलन, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

मेन्स के लिये:

कृषि उत्पादकता वृद्धि की संभावनाएँ तथा रसायनों का महत्त्व

चर्चा में क्यों?

13-16 नवंबर, 2019 के मध्य राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में प्रथम राष्ट्रीय कृषि रसायन सम्मेलन (National Agrochemicals Congress) का आयोजन किया गया।

थीम/विषय

कृषि रसायन के विभिन्न मोर्चों पर देश की स्थिति।

प्रमुख सिफारिशें

- सम्मेलन में कीटनाशकों के संबंध में बहुत ही महत्त्वपूर्ण सिफारिशें पेश की गईं, जो कि इस प्रकार हैं:
    - कीटनाशकों को इस्तेमाल करते हुए लेबलिंग का प्रयोग,
    - जोखिम आधारित प्रतिफल को ध्यान में रखते हुए कीटनाशकों पर प्रतिबंधात्मक रोक लगाना,
    - आयातित तकनीकी कीटनाशकों के आँकड़ों के संरक्षण के संबंध में नीति निर्माण करना,
    - सुरक्षित नैनो-सूत्रीकरण की शुरूआत, प्रशिक्षण और विस्तार के लिये किसानों को अधिकार संपन्न बनाना, आदि।

अन्य प्रमुख बिंदु

- यह पहला राष्ट्रीय कृषि रसायन सम्मेलन था अब इसे हर तीन वर्ष पर आयोजित किया जाएगा।
- सम्मेलन का आयोजन कीटनाशक प्रबंधन में रसायनिक कीटनाशकों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए किया गया है क्योंकि समय-समय पर लक्ष्य आधारित और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद शुरू किये जा रहे हैं। इसका आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (Indian Agricultural Research Institute- IARI) नई दिल्ली के मुख्यालय में कीटनाशक विज्ञान भारत (Society of Pesticide Science India) द्वारा किया गया था।
- कीटनाशक के उपयोग के लाभ उनके जोखिमों की तुलना में अधिक हैं।
- फसलों, मानव स्वास्थ्य, संसाधन प्रबंधन, नैनो प्रौद्योगिकी, स्मार्ट निरूपण और संबंधित विज्ञानों में नई अवधारणाओं से कृषि उत्पादकता बढ़ाने की संभावना है।
- इस पृष्ठभूमि के साथ, विभिन्न मोर्चों पर कृषि रसायनों को स्थायी रूप से विकसित करने के लिये शोधकर्त्ताओं और नीति निर्माताओं के लिये वर्तमान स्थिति का परितुलन किया गया है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

(Indian Council of Agricultural Research-ICAR)

- भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के अंतर्गत कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एक स्वायत्तशासी संस्था है।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। बागवानी, मात्स्यिकी और पशु विज्ञान सहित कृषि के क्षेत्र में समन्वयन, मार्गदर्शन और अनुसंधान प्रबंधन एवं शिक्षा के लिये यह परिषद भारत का एक सर्वोच्च निकाय है।

पृष्ठभूमि

- कृषि पर रॉयल कमीशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अनुसरण करते हुए सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत इसका पंजीकरण किया गया था जबकि 16 जुलाई, 1929 को इसकी स्थापना की गई।
- पहले इसका नाम इंपीरियल काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च (Imperial Council of Agricultural Research) था।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-agrochemicals-congress